भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4676

दिनांक 21 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

.....

जल सुरक्षा

4676. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः

श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः

श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की संपूर्ण देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में प्रमुख प्राथमिकताएँ क्या हैं;

(ख) सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान संपूर्ण देश में शुरू की गई नई पहलों और योजनाओं का ब्यौरा क्या है और साथ ही महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार उनके अपेक्षित परिणाम क्या हैं; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा जल प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों विशेषकर महाराष्ट्र तथा दादरा और नगर हवेली के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): 'जल' के राज्य का विषय होने के कारण, जल संसाधनों के संवर्धन, संरक्षण और कुशल प्रबंधन के लिए मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारों द्वारा कदम उठाए जाते हैं। राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करने के लिए, केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

भारत सरकार द्वारा देश में जल संरक्षण, सतत जल प्रबंधन और भूजल स्तर में सुधार के लिए अटल भूजल योजना, जल शक्ति अभियान:कैच द रेन (जेएसए:सीटीआर), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई)-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), जल निकायों की मरम्मत,

नवीकरण और पुनरुद्धार (आरआरआर), नदियों को आपस में जोड़ना (आईएलआर), राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण (नेक्यूम) कार्यक्रम, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) आदि जैसी विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम प्राथमिकताओं के आधार पर शुरू किए गए हैं।

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) ने देश के लगभग 25 लाख वर्ग किलोमीटर के संपूर्ण मानचित्रण योग्य क्षेत्र में राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण (एनएक्यूयूआईएम) परियोजना पूरी कर ली है। वर्ष 2023-24 के दौरान, सीजीडब्ल्यूबी ने महाराष्ट्र राज्य सहित, जल की कमी वाले क्षेत्रों, भूजल संदूषण से प्रभावित क्षेत्रों, तटीय क्षेत्रों, शहरी समूहों, स्प्रिंग शेड, औद्योगिक समूहों आदि जैसे चिन्हित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अधिक विस्तृत मानचित्रण के लिए नेक्यूम 2.0 अध्ययन शुरू किए हैं। नेक्यूम 2.0 का मुख्य उद्देश्य कार्यान्वयन योग्य भूजल प्रबंधन योजनाएं और रणनीतियां तैयार करना है।

जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा वर्ष 2024 में एक नया अत्याधुनिक पोर्टल "भू-नीर" शुरू किया गया है, जो महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली सहित 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित उद्योगों, अवसंरचना परियोजनाओं और खनन परियोजनाओं द्वारा भूजल निष्कर्षण के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)' के ऑनलाइन आवेदन और प्रसंस्करण के लिए सीजीडब्ल्यूए द्वारा विनियमित एक उन्नत रूप है। "भू-नीर" पोर्टल का उद्देश्य भूजल संसाधनों के प्रबंधन और विनियमन के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करना है, जिसका उद्देश्य भूजल उपयोग में पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करना है।

राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) वर्ष 2019 से वार्षिक आधार पर जल शक्ति अभियान (जेएसए) का कार्यान्वयन कर रहा है। एनडब्ल्यूएम, महाराष्ट्र सहित देश के सभी जिलों (ग्रामीण और शहरी दोनों) में, जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए:सीटीआर) 2024, जो जेएसए की श्रृंखला में पांचवां अभियान है, को कार्यान्वित कर रहा है। इस अभियान ने शहरी और ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और पारंपरिक जल निकायों के संरक्षण को गति दी है। जल शक्ति अभियान: कैच द रेन के अंतर्गत कार्यों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार (महाराष्ट्र सहित) स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है।

जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पहल 6 सितंबर, 2024 को जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर) के अंतर्गत शुरू की गई थी। जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पहल, छतों पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं और बंद पड़े बोरवेलों के पुनर्भरण पर बल देते हुए, कम लागत वाली कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण हेतु सामुदायिक कार्रवाई को सशक्त करते हुए एक नवीन पहल के रूप में उभरी है। जेएसजेबी सूक्ष्म स्तर पर घटते भूजल स्तर की

समस्या का समाधान करने के लिए एक मापनीय, सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं और उन्नत निगरानी प्रणालियों के साथ, जेएसजेबी का उद्देश्य ज़िम्मेदार जल उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए भूजल पुनर्भरण में योगदान देना है। जल संचय जन भागीदारी के अंतर्गत कार्यों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार (महाराष्ट्र सहित) स्थिति अनुलग्नक-**II** में दी गई है।

जल प्रबंधन हेतु केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और मज़बूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं:

- संयुक्त निर्णय लेने, परियोजना मंज़ूरी और समन्वय में सहायता प्रदान करने के लिए अंतर्राज्यीय नदी बेसिनों (जैसे, कृष्णा, गोदावरी) के लिए विभिन्न नदी प्रबंधन बोर्ड गठित किए गए हैं।
- अंतर्राज्यीय जल मुद्दों के समाधान के लिए विवाद समाधान न्यायाधिकरण (जैसे, कृष्णा, महानदी, रावी और व्यास जल विवाद न्यायाधिकरण आदि) स्थापित हैं।
- जल जीवन मिशन (जेजेएम), अटल भूजल योजना, बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी), और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करते हुए, केंद्र सरकार राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है, जिसमें समन्वय और नियमित समीक्षा बैठकें सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र भी शामिल हैं।
- नदियों को आपस में जोड़ने (आईएलआर) से संबंधित मामलों के लिए नदियों को आपस में जोड़ने हेतु विशेष समिति (एससीआईएलआर) का गठन।
- जल शक्ति मंत्रालय चल रहे कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षा और यदि कोई समस्या हो, तो उसका समाधान करने के लिए राज्य सरकारों के साथ बैठकें आयोजित करता है।
- जल शक्ति मंत्रालय (एमओजेएस) समय-समय पर केंद्र-राज्य सहयोग को बढ़ावा देने और देश में जल संरक्षण पहलों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न सम्मेलनों/सेमिनारों का आयोजन करता है।

*****

अनुलग्नक-I

"जल सुरक्षा" के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 4676 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| जल शक्ति अभियान: कैच द रेन के अंतर्गत कार्यों की स्थिति | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्थिति अवधि: 09/03/2024 से 21/03/2025 | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूर्ण या चल रही | जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन | पारंपरिक जल निकायों का नवीनीकरण | पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं | वाटरशेड विकास | कुल जल संबंधी कार्य | गहन वनरोपण | प्रशिक्षण कार्यक्रम /किसान मेले |
| 1 | अंडमान और नोकोबार द्वीप समूह | पूर्ण | 78 | 20 | 196 | 45 | 339 | 16 | 4 |
| | | चल रही | 6 | 12 | 15 | 21 | 54 | 16 | 0 |
| | | कुल | 84 | 32 | 211 | 66 | 393 | 32 | 4 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | पूर्ण | 40835 | 27136 | 7879 | 27159 | 103009 | 28737 | 15 |
| | | चल रही | 56734 | 17414 | 34328 | 26304 | 134780 | 48407 | 0 |
| | | कुल | 97569 | 44550 | 42207 | 53463 | 237789 | 77144 | 15 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | पूर्ण | 786 | 133 | 268 | 429 | 1616 | 188907 | 103 |
| | | चल रही | 1174 | 20 | 47 | 587 | 1828 | 1608 | 0 |
| | | कुल | 1960 | 153 | 315 | 1016 | 3444 | 190515 | 103 |
| 4 | असम | पूर्ण | 19771 | 2449 | 2287 | 20889 | 45396 | 16820 | 4 |
| | | चल रही | 7745 | 359 | 1548 | 11867 | 21519 | 10949 | 0 |
| | | कुल | 27516 | 2808 | 3835 | 32756 | 66915 | 27769 | 4 |
| 5 | बिहार | पूर्ण | 65921 | 6983 | 14735 | 33298 | 120937 | 2055315 | 132 |
| | | चल रही | 50872 | 3505 | 21326 | 25704 | 10140 | 105471 | 0 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 7 | | |
| | | कुल | 116793 | 10488 | 36061 | 59002 | 222344 | 2160786 | 132 |
| 6 | चंडीगढ़ | पूर्ण | 199 | 8 | 0 | 0 | 207 | 196950 | 0 |
| | | चल रही | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | 199 | 8 | 0 | 0 | 207 | 196950 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | पूर्ण | 69129 | 32524 | 15854 | 38591 | 156098 | 1789976 | 292 |
| | | चल रही | 14697 | 6235 | 4571 | 15651 | 41154 | 2569 | 0 |
| | | कुल | 83826 | 38759 | 20425 | 54242 | 197252 | 1792545 | 292 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | पूर्ण | 12 | 0 | 0 | 3 | 15 | 5472 | 0 |
| | | चल रही | 4 | 0 | 1 | 0 | 5 | 8 | 0 |
| | | कुल | 16 | 0 | 1 | 3 | 20 | 5480 | 0 |
| 9 | दिल्ली | पूर्ण | 98 | 5 | 0 | 0 | 103 | 2983 | 1 |
| | | चल रही | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | 98 | 5 | 0 | 0 | 103 | 2983 | 1 |
| 10 | गोवा | पूर्ण | 35 | 86 | 17 | 44 | 182 | 20 | 6 |
| | | चल रही | 20 | 52 | 53 | 40 | 165 | 5 | 0 |
| | | कुल | 55 | 138 | 70 | 84 | 347 | 25 | 6 |
| 11 | गुजरात | पूर्ण | 18975 | 10565 | 17668 | 41606 | 88814 | 20617908 | 1821 |
| | | चल रही | 2909 | 1815 | 27465 | 20287 | 52476 | 8544 | 0 |
| | | कुल | 21884 | 12380 | 45133 | 61893 | 141290 | 20626452 | 1821 |
| 12 | हरियाणा | पूर्ण | 4092 | 3734 | 4207 | 5848 | 17881 | 8362620 | 15380 |
| | | चल रही | 979 | 1134 | 196 | 3349 | 5658 | 479 | 0 |
| | | कुल | 5071 | 4868 | 4403 | 9197 | 23539 | 8363099 | 15380 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | पूर्ण | 16089 | 1578 | 1250 | 41882 | 60799 | 44552 | 6 |
| | | चल रही | 6562 | 579 | 373 | 25644 | 33158 | 3581 | 0 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | 22651 | 2157 | 1623 | 67526 | 93957 | 48133 | 6 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | पूर्ण | 11718 | 2600 | 15956 | 38151 | 68425 | 953307 | 599 |
| | | चल रही | 24637 | 1494 | 765 | 42242 | 69138 | 1143 | 0 |
| | | कुल | 36355 | 4094 | 16721 | 80393 | 137563 | 954450 | 599 |
| 15 | झारखंड | पूर्ण | 17565 | 321 | 2212 | 75642 | 95740 | 47926 | 28 |
| | | चल रही | 12614 | 26 | 468 | 94560 | 107668 | 45245 | 0 |
| | | कुल | 30179 | 347 | 2680 | 170202 | 203408 | 93171 | 28 |
| 16 | कर्नाटक | पूर्ण | 113162 | 21657 | 86330 | 214313 | 435462 | 782833 | 59 |
| | | चल रही | 38971 | 6687 | 8297 | 47806 | 101761 | 59902 | 0 |
| | | कुल | 152133 | 28344 | 94627 | 262119 | 537223 | 842735 | 59 |
| 17 | केरल | पूर्ण | 25558 | 15018 | 35039 | 91099 | 166714 | 13366 | 32 |
| | | चल रही | 14664 | 5194 | 16564 | 60715 | 97137 | 6406 | 0 |
| | | कुल | 40222 | 20212 | 51603 | 151814 | 263851 | 19772 | 32 |
| 18 | लद्दाख | पूर्ण | 1344 | 72 | 1410 | 786 | 3612 | 275 | 0 |
| | | चल रही | 511 | 3 | 4 | 246 | 764 | 153 | 0 |
| | | कुल | 1855 | 75 | 1414 | 1032 | 4376 | 428 | 0 |
| 19 | लक्ष्यद्वीप | पूर्ण | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| | | चल रही | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कुल | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | पूर्ण | 76543 | 7241 | 17025 | 54810 | 155619 | 38938 | 45 |
| | | चल रही | 35190 | 1530 | 4336 | 17651 | 58707 | 18905 | 0 |
| | | कुल | 111733 | 8771 | 21361 | 72461 | 214326 | 57843 | 45 |
| 21 | महाराष्ट्र | पूर्ण | 10533 | 2723 | 16907 | 7788 | 37951 | 183614 | 364 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 9 | |
| | | चल रही | 13202 | 1252 | 4071 | 3843 | 22368 | 88253 | 0 |
| | | कुल | 23735 | 3975 | 20978 | 11631 | 60319 | 1924402 | 364 |
| 22 | मणिपुर | पूर्ण | 2848 | 1131 | 20 | 1006 | 5005 | 185212 | 1 |
| | | चल रही | 3374 | 842 | 38 | 1630 | 5884 | 1775 | 0 |
| | | कुल | 6222 | 1973 | 58 | 2636 | 10889 | 186987 | 1 |
| 23 | मेघालय | पूर्ण | 5518 | 615 | 192 | 4610 | 10935 | 1262585 | 5 |
| | | चल रही | 1501 | 137 | 106 | 2503 | 4247 | 2850 | 0 |
| | | कुल | 7019 | 752 | 298 | 7113 | 15182 | 1265435 | 5 |
| 24 | मिजोरम | पूर्ण | 8090 | 154 | 634 | 5571 | 14449 | 7540 | 1 |
| | | चल रही | 647 | 16 | 69 | 695 | 1427 | 16 | 0 |
| | | कुल | 8737 | 170 | 703 | 6266 | 15876 | 7556 | 1 |
| 25 | नागालैंड | पूर्ण | 216 | 99 | 19 | 586 | 920 | 1562 | 3 |
| | | चल रही | 125 | 27 | 14 | 271 | 437 | 1019 | 0 |
| | | कुल | 341 | 126 | 33 | 857 | 1357 | 2581 | 3 |
| 26 | ओडिशा | पूर्ण | 45299 | 9702 | 9503 | 41406 | 105910 | 43976 | 48 |
| | | चल रही | 24580 | 2951 | 3179 | 13726 | 44436 | 26073 | 0 |
| | | कुल | 69879 | 12653 | 12682 | 55132 | 150346 | 70049 | 48 |
| 27 | पुदुचेरी | पूर्ण | 37 | 481 | 12 | 8 | 538 | 141802 | 3 |
| | | चल रही | 13 | 281 | 0 | 0 | 294 | 0 | 0 |
| | | कुल | 50 | 762 | 12 | 8 | 832 | 141802 | 3 |
| 28 | पंजाब | पूर्ण | 1783 | 5395 | 1343 | 9101 | 17622 | 2910165 | 425 |
| | | चल रही | 1376 | 3758 | 539 | 5691 | 11364 | 10163 | 0 |
| | | कुल | 3159 | 9153 | 1882 | 14792 | 28986 | 2920328 | 425 |
| 29 | राजस्थान | पूर्ण | 99412 | 14103 | 2354 | 23579 | 139448 | 15806411 | 459 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चल रही | 56622 | 6175 | 789 | 13872 | 77458 | 20315 | 0 |
| | | कुल | 156034 | 20278 | 3143 | 37451 | 216906 | 15826726 | 459 |
| 30 | सिक्किम | पूर्ण | 410 | 17 | 163 | 1145 | 1735 | 1533 | 0 |
| | | चल रही | 134 | 1 | 753 | 1646 | 2534 | 414 | 0 |
| | | कुल | 544 | 18 | 916 | 2791 | 4269 | 1947 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | पूर्ण | 48727 | 5076 | 64940 | 83488 | 202231 | 864905 | 16 |
| | | चल रही | 35126 | 722 | 19198 | 56724 | 111770 | 22415 | 0 |
| | | कुल | 83853 | 5798 | 84138 | 140212 | 314001 | 887320 | 16 |
| 32 | तेलंगाना | पूर्ण | 10647 | 15246 | 24106 | 17124 | 67123 | 749984 | 371 |
| | | कुल | 7026 | 7280 | 6208 | 12171 | 32685 | 46260 | 0 |
| | | पूर्ण | 17673 | 22526 | 30314 | 29295 | 99808 | 796244 | 371 |
| 33 | त्रिपुरा | चल रही | 22287 | 370 | 2399 | 11929 | 36985 | 1766631 | 1 |
| | | कुल | 4898 | 56 | 396 | 5250 | 10600 | 11181 | 0 |
| | | पूर्ण | 27185 | 426 | 2795 | 17179 | 47585 | 1777812 | 1 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | चल रही | 82911 | 34497 | 29636 | 379357 | 526401 | 32992994 | 527 |
| | | कुल | 47564 | 13873 | 2766 | 197345 | 261548 | 70534 | 0 |
| | | पूर्ण | 130475 | 48370 | 32402 | 576702 | 787949 | 33063528 | 527 |
| 35 | उत्तराखंड | चल रही | 10959 | 2422 | 857 | 22794 | 37032 | 3183934 | 26 |
| | | कुल | 5511 | 1058 | 662 | 19286 | 26517 | 4755 | 0 |
| | | पूर्ण | 16470 | 3480 | 1519 | 42080 | 63549 | 3188689 | 26 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | पश्चिम बंगाल | चल रही | 230 | 61 | 1 | 36 | 328 | 872 | 6 |
| | | कुल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | पूर्ण | 230 | 61 | 1 | 36 | 328 | 872 | 6 |
| | उप-योग | पूर्ण | 831818 | 224223 | 375419 | 1294123 | 2725583 | 96903176 | 20783 |
| | | चल रही | 469988 | 84488 | 159145 | 727327 | 1440948 | 619414 | 0 |
| | | कुल | 1301806 | 308711 | 534564 | 2021450 | 4166531 | 97522590 | 20783 |

*स्रोत: जेएसए :सीटीआर डैशबोर्ड*

*****

अनुलग्नक-**II**

"जल सुरक्षा" के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 4676 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| जल संचय जनभागीदारी 1.0 के तहत कार्यों की स्थिति | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | *(दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार)* |
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूर्ण कार्य | चल रहे कार्य | कुल कार्य |
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 119 | 14 | 133 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 36338 | 45990 | 82328 |
| 3 | असम | 1715 | 188 | 1903 |
| 4 | बिहार | 134930 | 7480 | 142410 |
| 5 | छत्तीसगढ | 405563 | 31332 | 436895 |
| 6 | चंडीगढ़ | 11 | 17 | 28 |
| 7 | दिल्ली | 201 | 0 | 201 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 92 | 0 | 92 |
| 9 | गोवा | 7 | 0 | 7 |
| 10 | गुजरात | 133522 | 28188 | 161710 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 148 | 36 | 184 |
| 12 | हरियाणा | 7465 | 617 | 8082 |
| 13 | झारखंड | 2798 | 519 | 3317 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 6129 | 90 | 6219 |
| 15 | कर्नाटक | 115303 | 22132 | 137435 |
| 16 | केरल | 5396 | 4235 | 9631 |
| 17 | लद्दाख | 1 | 1 | 2 |
| 18 | महाराष्ट्र | 7149 | 843 | 7992 |
| 19 | मेघालय | 3356 | 200 | 3556 |
| 20 | मणिपुर | 34 | 10 | 44 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 278852 | 31862 | 310714 |
| 22 | मिजोरम | 1 | 0 | 1 |
| 23 | नगालैंड | 63 | 0 | 63 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | ओडिशा | 101174 | 57907 | 159081 |
| 25 | पंजाब | 6093 | 14911 | 21004 |
| 26 | पुदुचेरी | 161 | 3 | 164 |
| 27 | राजस्थान | 364968 | 51115 | 416083 |
| 28 | सिक्किम | 18 | 0 | 18 |
| 29 | तेलंगाना | 520362 | 41041 | 561403 |
| 30 | तमिलनाडु | 73394 | 13436 | 86830 |
| 31 | त्रिपुरा | 12305 | 292 | 12597 |
| 32 | उत्तराखंड | 2333 | 482 | 2815 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 141055 | 26259 | 167314 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 27 | 5 | 32 |
| कुल | | 2361083 | 379205 | 2740288 |

*स्रोत: जेएसजेबी डैशबोर्ड*

*****